जनता कॉलेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी श्री आनंद स्वरुप मिश्र जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया








जयंती समारोह के अवसर पर कॉलेज परिवार में उपस्थित सदस्यों और अतिथियों को संबोधित करते हुए माननीय सांसद रामशंकर कठेरिया जी



जयंती समारोह के दौरान छात्रों को सम्मानित करते हुए माननीय सांसद राम शंकर कठेरिया जी

**पुरस्कार** 90 स्वर्ण, 96 रजत पदक और 486 छात्रवृत्तियां बांटी गईं, पूर्व छात्रा खुशबू बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को देवेंद्र मणि द्विवेदी स्वर्ण पदक मिला

# आधुनिक युग के मालवीय थे स्व . आनंद स्वरूप : रामशंकर

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर में संस्थापक सचिव आनंद स्वरूप मिश्र की स्मृति में आयोजित भव्य समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को 90 स्वर्ण पदक, 96 रजत एवं कुल 486 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।



जनता कॉलेज बकेवर में छात्रा को पुरस्कृत करते भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया।

- **जनता कॉलेज के सचिव की स्मृति में हुआ आयोजन**

कॉलेज की पूर्व छात्रा खुशबू पाल बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को देवेंद्र मणि द्विवेदी स्वर्ण पदक, कीर्ति एमएससी कृषि उद्यान द्वितीय वर्ष को राम कुमारी त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, शुभम यादव बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को डॉ प्रकाश नारायण दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक, कीर्ति एमएससी कृषि उद्यान शास्त्र द्वितीय वर्ष को धर्म नारायण त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, आर्यन पोरवाल बीकॉम तृतीय वर्ष को शिव शंकर शुक्ल स्मृति स्वर्ण पदक, शिवानी दुबे बीएससी गणित तृतीय वर्ष को नागेंद्र नाथ दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक, शुभम यादव बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ल स्मृति स्वर्ण पदक, साध्वी बीएससी बायोटेक तृतीय वर्ष को स्वाति देवी स्मृति स्वर्ण पदक, करुणेन्द्र कुमार एमएससी कृषि उद्यान द्वितीय वर्ष को रघुनाथ प्रसाद त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, शिवांगी ऋषिश्वर बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को कुंती देवी मिश्र स्मृति स्वर्ण पदक, अनुष्का बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष को लीला तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किये गए। संचालन डीजे मिश्रा ने किया।

### सांसद ने जमकर की कालेज की प्रशंसा

बकेवर, इटावा। भाजपा सांसद राम शंकर कठेरिया ने कहा कि जनता कॉलेज बकेवर की जो छवि है तथा जो बेजोड़ अनुशासन है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इसका एकमात्र श्रेय इस कॉलेज पूर्व सेक्रेटरी स्वर्गीय श्री आनंद स्वरूप मिश्र को जाता है। जिन्होंने अपने पूरे जीवन भर कॉलेज को संचालित करने में लगा दिया। वह आधुनिक मालवीय थे जिन्होंने इतना विशाल कॉलेज का निर्माण करा कर इस क्षेत्र ही नहीं वरन उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत के छात्रों को पढ़ने का अवसर दिया।

### अतिथियों ने संस्थापक सचिव आनंद स्वरूप को किया याद

बकेवर, इटावा। आनंद स्वरूप मिश्र जन्म जयंती समारोह के अवसर पर जनता कॉलेज में पदक - छात्रवृत्ति एवं पारितोषिक वितरण समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद प्रो. डॉ. रामशंकर कठेरिया ने किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट दिलीप गुप्ता, सारस्वत अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ विद्याकांत तिवारी, डॉ. कुश चतुर्वेदी, प्रबंधकारिणी अध्यक्ष जमुना दास अग्रवाल, प्रबंध कारिणी सचिव अरविंद कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर दीक्षित, उपाध्यक्ष राम मोहन चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. साहब लाल शुक्ल, पूर्व कुलपति डॉ. आशा शुक्ला, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र एवं संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ समारोह का शुभारंभ किया। प्रबंध सचिव अरविंद मिश्रा ने सांसद को सम्मानित कराते हुए कॉलेज परिवार की आय- व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कमला मिश्रा धर्मपत्नी संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र का अभिनंदन सांसद प्रो. कठेरिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने किया। संयोजक डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

बकेवर, इटावा। इस मौके पर प्रबंध समिति के सदस्य डॉ समीर प्रकाश त्रिपाठी, डॉ कौशल किशोर दीक्षित, चेयरमैन बकेवर विवेक यादव, चेयरमैन लखना गणेश पोरवाल, पूर्व प्राचार्य डॉ शिवसेवक तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, सुमन पांडेय, सुशील कुमार मिश्रा, शमीम अहमद, शमी एजाज, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ सन्तोष चंदेल, डॉ मनोज यादव, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानन्द शर्मा, डॉ आदित्य सिंह, डॉ अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

---

**समारोह** जनता कालेज मे मेधावी छात्र–छात्राओं को 90 स्वर्ण 96 रजत पदक व 486 छात्रवृत्तियां वितरित

# स्व. आनंद स्वरूप मिश्र के तेजस्वी व्यक्तित्व की छाप कॉलेज के कण–कण मे विद्यमान : प्रो. राम शंकर कठेरिया







**राष्ट्र पटल संवाद**

बकेवर (इटावा)। श्री आनंद स्वरूप मिश्र जन्म जयंती समारोह के अवसर पर पदक-छात्रवृत्ति एवं पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रो. (डॉ.) रामशंकर कठेरिया के द्वारा किया गया। सांसद ने छात्र-छात्राओं को स्वर्ण- रजत पदक एवं छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए कॉलेज परिवार के समस्त सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनता कॉलेज बकेवर प्रदेश ही नहीं बल्कि भारतवर्ष का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान है, जहां के छात्र देश और सुदूर भारत में कॉलेज और जनपद का नाम गौरवशाली उपलब्धि में गिनवाने का कार्य विगत छः दशक के लंबे समय से कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि स्व. आनंद स्वरूप मिश्र के तेजस्वी व्यक्तित्व की छाप जनता कॉलेज के कण-कण में विद्यमान है।

मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित कराते हुए कॉलेज परिवार की आय-व्यय का विवरण प्रबंध समिति सचिव अरविंद कुमार मिश्र ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या का वाचन करते हुए आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन अपने उद्बोधन में किया। श्रीमती कमला मिश्रा धर्मपत्नी संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र का अभिनंदन सांसद प्रो. कठेरिया द्वारा किया गया।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज दिलीप कुमार गुप्ता ने अपने सम्बोधन मे कहा कि यह कॉलेज हजारों पूर्व और वर्तमान छात्राओं वाला आदर्श परिवार है भारतीय परंपरा में विद्यार्थी और विद्यालय की प्रासंगिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा में संस्कार और नैतिकता सम्मिलित हो जाए तो शिक्षा विद्या में परिवर्तित हो जाती है।

पूर्व प्राचार्य कर्मक्षेत्र महाविद्यालय डॉ. विद्याकांत तिवारी ने महाविद्यालय के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र की सूक्ष्म-बिदेह उपस्थित और तेजस्वी व्यक्तित्व की छाप को कॉलेज की ईंट-ईंट में, छात्रों की अध्ययनशीलता में, शिक्षकों के समर्पण में बताया उन्होंने संस्थापक सेक्रेटरी को अपने समय का गांधी बताया।

पूर्व कुलपति प्रो. आशा शुक्ला ने कॉलेज की दीर्घकालीन प्रगति यात्रा को बाजार व्यवस्था के आडंबर से दूर समाज और देश भर के समर्पित छात्रों के परिश्रम का पर्याय बताया। इससे पुर्व मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र एवं संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की अतिथियों का स्वागत- सत्कार अंग वस्त्र, बैज अलंकरण एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

समारोह संयोजक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। श्रीमती कमला देवी मिश्रा धर्मपत्नी स्व. श्री आनंद स्वरूप मिश्र संस्थापक सेक्रेटरी जनता कॉलेज बकेवर, प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. समीर प्रकाश त्रिपाठी, डा. कौशल किशोर दीक्षित, राजेंद्र सिंह कुशवाहा आदि सहित कॉलेज परिवार और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया। समवेत स्वरों में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पदक एवं छात्रवृत्तियां पाकर छात्रों की खिले चेहरे

परीक्षा परिणाम 2021-22 के अंतर्गत स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं मे खुशबू पाल बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को श्री देवेंद्र मणि द्विवेदी स्वर्ण पदक,कीर्ति पुत्री डॉ. प्रमोद कुमार एम.एस-सी कृषि उद्यान द्वितीय वर्ष को श्रीमती राम कुमारी त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, शुभम यादव बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को डॉ. प्रकाश नारायण दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक, कीर्ति पुत्री डॉ प्रमोद कुमार एमएससी कृषि उद्यान शास्त्र द्वितीय वर्ष को श्री धर्म नारायण त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, आर्यन पोरवाल बीकॉम तृतीय वर्ष को श्री शिव शंकर शुक्ल स्मृति स्वर्ण पदक, शिवानी दुबे बीएससी गणित तृतीय वर्ष को श्री नागेंद्र नाथ दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक, शुभम यादव बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ल स्मृति स्वर्ण पदक, साध्वी बीएससी बायोटेक तृतीय वर्ष को श्रीमती स्वाति देवी स्मृति स्वर्ण पदक, करुणेन्द्र कुमार एमएससी कृषि उद्यान द्वितीय वर्ष को श्री रघुनाथ प्रसाद त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक, शिवांगी ऋषिश्वर बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष को श्रीमती कुंती देवी मिश्र स्मृति स्वर्ण पदक, अनुष्का बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष को श्रीमती लीला तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक आदि प्रमुख रूप है।